# सोनुभाऊ बसवंत कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, शहापुर, जि. ठाणे

## हिन्दी विभाग

## वार्षिक गतिविधियाँ

## 2024-25

महाविद्यालय के विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो इस हेतु इस वर्ष हिन्दी विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया था। ये गतिविधियाँ निम्नांकित है-

❖ 'हिन्दी के ख्यातनाम साहित्यकारों की सचित्र प्रदर्शनी' का आयोजन

हिन्दी साहित्य भारत की सांस्कृतिक और बौद्धिक परंपरा का अमूल्य धरोहर है। हमारे महाविद्यालय में विद्यार्थियों में हिन्दी साहित्य के प्रति रुचि उत्पन्न करने और उन्हें इसके महान रचनाकारों से परिचित कराने के उद्देश्य से 'हिन्दी के ख्यातनाम साहित्यकारों की सचित्र प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। इस चित्र प्रदर्शनी का आयोजन हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक 17 दिसंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 को विद्यालय के सभागार/हॉल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्र.प्राचार्य प्रो. डॉ. अनिल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

प्रदर्शनी में हिन्दी साहित्य के विभिन्न कालों के महान लेखकों और कवियों के चित्रों को सुसज्जित किया गया। प्रत्येक चित्र के साथ उस लेखक की संक्षिप्त जीवन-परिचय, प्रमुख रचनाएँ, साहित्यिक विशेषताएँ तथा हिन्दी साहित्य में उनका योगदान भी प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में जिन ख्यातनाम लेखकों को शामिल किया गया ।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने लेखकों के चित्रों को स्वयं सजाया, उनके ऊपर पोस्टर और कोटेशन बनाए, तथा कई छात्रों ने उन लेखकों की रचनाओं का वाचन भी किया। हिन्दी विभाग के प्राध्यापक प्र. प्राचार्य प्रो. डॉ.अनिल सिंह और उपप्रचार्य डॉ. संतोष गायकवाड़ ने न केवल प्रदर्शनी की रूपरेखा तैयार की, बल्कि छात्रों को सामग्री जुटाने, चित्रों की व्यवस्था, और प्रदर्शनी स्थल को सजाने में मार्गदर्शन भी दिया। इस चित्र प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों को हिन्दी साहित्य की महान विभूतियों से परिचित कराया। चित्रों के माध्यम से विद्यार्थियों ने लेखकों को 'देखा', उनकी जीवन यात्रा को समझा और उनके लेखन की महत्ता को जाना। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और रोचक सिद्ध हुआ।इस प्रकार की गतिविधियाँ साहित्य के प्रति छात्रों में रुचि पैदा करने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान की भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं।

*****************************